**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 01.06.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस व कोतवाली उरई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को चोरी के जेवरात (कीमत करीब 17 लाख रूपये) व 01 एलईडी टीवी व 44,700/- रूपये एवं अवैध असलाह कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।**

दिनांक 01.06.2025 को एसओजी/सर्विलांस व कोतवाली उरई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र मे रोकथाम जुर्म जरायम, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो व वांछित अपराधी चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी की इगलाशपुरा चौराहे से चुर्खी बाइपास की तरफ जाने वाली रोड पर एक व्यक्ति खड़ा है जो बन्द घरों में चोरी करता है मुखबिर की खास सूचना पर तत्काल मौके पर पहुचंकर एक अभियुक्त यशपाल उर्फ छिल्लू पुत्र भूप सिंह उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम रूरा अड्डू थाना कोत0 उरई जनपद जालौन को चोरी के जेवरात एवं चोरी के रुपये व एक अदद तमंचा के साथ गिरफ्तार कर उसकी निशादेही पर 01 अदद एलईडी टीवी बरामद की गयी। अभियुक्त से माल बरामदगी के सम्बन्ध में कोतवाली उरई में पंजीकृत अभियोगो में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर आर्म्स एक्ट के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त द्वारा बताया कि साहब मैं घरो में चोरी करता हूँ मेरे पास जो बेग है इसमें अलग अलग घरो से जो मैने चोरी की है उसका माल है जिसको बेचने के लिए आज मैं बाहर जाने वाला था इसलिए आप लोगो को देखकर डर की वजह से भागने लगा था। **1.** मैने फरवरी महीने की 09 या 10 तारीख को बघौरा मुहल्ले से एक बन्द घर से सोने-चांदी के जेवरात व 5000/- रुपये चुराये थे (जिसके संबन्ध में मु0अ0सं0 186/2025 धारा 305(a) बीएनएस कोत0उरई ), **2.** अप्रैल माह में 26 या 27 तारीख को मैने ग्राम पियानिरंजन पुर में ग्राम पंचायत कार्यालय से जियो फाइबर का डब्बा एक सीसीटीवी कैमरा व एक साउण्ड चोरी किया था (जिसके संबन्ध में कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 256/2025 धारा 305(a) बीएनएस ), **3.** दिनांक 08.05.2025 को गणेश धाम रामेश्वर कालौनी के पीछे एक घर से सोने-चांदी के जेवरात व रूपये व एक एलईडी चोरी की थी (जिसके संबन्ध में कोतवाली उऱई में मु0अ0सं0 265/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस पंजीकृत) **4.** दिनांक 05.05.2025 को सीएमओ आफिस के पास पटेल नगर उरई में एक डाक्टर साहब के सोने-चांदी के जेवरात व रुपये चुराये थे (जिसके सम्बन्ध में कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 290/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस ) **5.** दिनांक 07/8.04.2025 को मैकेनिक नगर से एक घर से 08 कारतूस, सोने-चांदी के जेवरात व कुछ पुराने सिक्के चोरी किये थे, 04 कारतूस मैने नहर में फैंक दिये(जिसके सम्बन्ध में कोतवाली उरई पर मु0अ0सं0 309/2025 धारा 331(4) /305 बीएनएस) जिसकी विवेचना मेरे द्वारा की जा रही है। **6.** दिनांक 14/15.04.2025 को मोहल्ला सुशीलनगर आफीसर्स कालौनी में एक घर से सोने-चांदी के जेवरात चोरी किये थे (जिसके सम्बन्ध में कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 310/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस ) **7.** दिनांक 04.05.2025 को मोहल्ला सुशील नगर में एक घर से चांदी के जेवरात व रूपये चोरी किये थे (जिसके सम्बन्ध में कोतवाली उरई पर मु0अ0सं0 311/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस पंजीकृत) है। मैं चोरी का माल अपने दोस्त शैलेन्द्र पुत्र शिवराज निवासी रूरा अड्डू थाना कोत0 उरई जनपद जालौन के माध्यम से ट्विकल पाल निवासी राजपुर कानपुर देहात को बेचता हूं।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

1. यशपाल उर्फ छिल्लू पुत्र भूप सिंह उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम रूरा अड्डू थाना कोत0 उरई जनपद जालौन

**अभियुक्त यशपाल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 186/2025 धारा 305(a) बीएनएस थाना कोतवाली उरई
2. मु0अ0सं0 256/2025 धारा 305(a) बीएनएस थाना कोतवाली उरई
3. मु0अ0सं0 265/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली उरई
4. मु0अ0सं0 290/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली उरई
5. मु0अ0सं0 309/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली उरई
6. मु0अ0सं0 310/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली उरई
7. मु0अ0सं0 311/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली उरई
8. मु0अ0सं0 183/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना कोतवाली उरई
9. मु0अ0सं0 357/2022 धारा 504/506 भादवि व 3(1)द,ध एससी/एसटी एक्ट थाना कोतवाली उरई
10. मु0अ0सं0 551/2022 धारा 380/411/413/457 भादवि थाना कोतवाली उरई
11. मु0अ0सं0 645/2022 धारा 380/411/413/457 भादवि थाना कोतवाली उरई
12. मु0अ0सं0 650/2022 धारा 380/411/457 भादवि थाना कोतवाली उरई
13. मु0अ0सं0 668/2022 धारा 380/411/457 भादवि थाना कोतवाली उरई
14. मु0अ0सं0 673/2022 धारा 307/34/420/467/468/471 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली उरई
15. मु0अ0सं0 313/2025 धारा 331(4)/305/317(2)/317(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली उरई

**बरामदगी:-**

1. दो जोड़ी पायल सफेद धातु, एक जोडी बाला पीली धातु, एक जोडी टोप्स पीली धातु, दो जोडी बिछिया सफेद धातु, 04 सिक्के सफेद धातु, व 50 रुपये के नये करन्सी नोट कुल 130, व 10000/- रुपये, व 01 अदद एलईडी सम्बन्धित मु0अ0सं0 265/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली उरई
2. एक अदद हार पीली धातु, एक अदद चैन पीली धातु व 2000/- रुपये सम्बन्धित मु0अ0सं0 186/2025 धारा 305(a) बीएनएस थाना कोतवाली उरई
3. 04 चूडी पीली धातु, एक अंगूठी पीली धातु, एक कान का झुमका पीली धातु, 10,000/- रुपये नगद सम्बन्धित मु0अ0सं0 290/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली उरई
4. 234 पुराने सिक्के, 04 कारतूस, एक अदद हार पीली धातु, एक सिक्का 5 रुपये का व 5000/- रुपये नगद सम्बन्धित मु0अ0सं0 309/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली उरई
5. एक जोडी पायल सफेद धातु दो जोडी बिछिया सफेद धातु, 3000/- रुपये नगद सम्बन्धित मु0अ0सं0 310/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली उरई
6. 2 जोडी बिछिया सफेद धातु, एक जोडी पायल सफेद धातु, 7000/- रुपये नगद सम्बन्धित मु0अ0सं0 311/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली उरई
7. 1200/- रुपये नगद सम्बन्धित मु0अ0सं0 256/2025 धारा 305(a) बीएनएस थाना कोतवाली उरई
8. एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई मय टीम
2. प्रभारी एसओजी मय टीम
3. प्रभारी सर्विलांस मय टीम